प्रादेशिक समाचार
25.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को सौवीं जयंती पर नमन कर रहा है। आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित उनके समाधि स्थल– सदैव अटल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

******************

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन में अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रदांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, प्रदेश भाजपा के द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी की सौंवी जयंती को शताब्दी वर्ष के रुप में मना रही है. इसे लेकर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

******************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने झारखंड दौरे के अंतिम दिन आज आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी डाल्टनगंज केंद्र से दर्शकों के साथ स्टूडियो से लाइव बातचीत की। यहां के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ संवाद किया.।

डा मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लोक प्रसारण सेवाओं को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

राज्य सरकार ने हजारीबाग में मल्टी डिसीप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मेरू खोलने का निर्मय़ लिया है। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में इसकी स्थापना पर लगभग एक अरब रुपए खर्च होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

******************

रामगढ़ जिले में पोषण भी पढ़ाई भी योजना के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष बीवीआर सुब्रमण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय बजट वर्ष 2025–26 के लिए बजट–पूर्व परामर्श की शुरूआत इस महीने की 6 तारीख को शुरू हुई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों, किसान संघों, अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ परामर्श किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री आगामी पहली फरवरी को लोकसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश कर सकती हैं।

******************

राजधानी रांची में आज पंचायती राज विभाग की ओर से राष्ट्रीय पेसा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज समेत कई गणमान्य लोगों ने पेसा अधिनियम की जानकारी को साझा किया। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इसे पूरी तरह से लागू करना हम सब की जिम्मेवारी है।

******************

राज्य में प्राथमिकी कक्षा से स्नातकोत्तर तक जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई होगी। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि इसके लिए पाठ्यक्रम तैयार करने तथा शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर गाइडलाइन तैयार किया जाएगा। इसके साथ जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओंकी पढाई के लिए किताबें उसी लिपि में हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाएगा।

*******समाप्त*******